इस ट्यूटोरियल में आप उषा जेनोम गैदरिंग फुट का उपयोग करके फैशनेबल स्टोल बनाना सीखेंगे।

आप अपने पुराने दुपट्टे या स्टॉल में सिर्फ गेधर जोड़के ही उसको एक भव्य स्टाइल स्टेटमेंट में बदल सकते हैं। गेदरिंग फुट का उपयोग करने से परिचित होने के लिए, हमारे गेदरिंग फुट टुटोरिअल वीडियो देखे, अगर आपने पहले नहीं देखा हो। हालाँकि, यदि आप बेसिक सिलाई करना जानते हैं, तो आप सीधे यहीं से शुरू कर सकते हैं।

आपको चाहिए होगा: उषा जेनोम गैदरिंग फुट, 140 x 15 इंच के कपड़े का एक टुकड़ा या मौजूदा स्टोल, कुछ धागे, एक मापन स्केल और एक मार्कर। आप किसी पुराने दुपट्टे का भी उपयोग कर सकते हैं जिसे अगर आप चाहे तो आप लंबाई से काट सकते हैं, और अगर आप ऐसा कर रहे हो, तो बेशक आपको काटी गई किनार को सिलना होगा। बस यह सुनिश्चित करें कि यह बहुत मोटा या भारी कपडा न हो।

देखें कि कपड़े को ज़िगज़ैग फोल्ड तरीके से कैसे मोड़ा जाता है। अब यह देखे कि मैं कपड़े के मुड़े हुए टुकड़े पर कैसे किनारी से शुरू करके, हर 3 इंच के बाद पॉइंट्स बनाती हूँ।

फोल्ड्स के बीच 3 इंच की जगह छोड़कर समान बिंदुओं को चिह्नित करने के लिए उन्हें ऊपर खिसकाए। कपड़े को अनफोल्ड करते रहे और जब तक आप अंत तक पहुंचे तब तक इस प्रक्रिया को दोहराएं। अब मेजरिंग स्केल की मदद से इस तरह फैब्रिक की लम्बाई पर बिंदुओं को जोड़े।

सभी बिंदुओं के लिए ऐसा करें।



जब तक आप ऊपर से नीचे तक 4 ऊर्ध्व लाइनें प्राप्त न कर ले तब तक जारी रखें।
ये वे लाइनें हैं जिन पर हम गैदरिंग फुट के साथ सिलाई करेंगे।
यह शुरू करने के लिए सबसे पहले नार्मल प्रेसर फुट को गेदरिंग फुट के साथ बदलना होगा।

इस तरह से नार्मल प्रेसर फुट को स्क्रू करके खोलें, प्रेसर को उठाएं और फुट को हटा दें। गेदरिंग फुट ले, इसे स्क्रू के साथ संरेखित करें, प्रेसर को कम करे और इसे दृढ़ता से पेंच करें। अपने कपड़े को मशीन पर ले।

अब अपनी मशीन को सेट करें - स्टीच पैटर्न सिलेक्टर को A पर घुमाए, स्टीच लेंथ को अधिकतम करें, और थ्रेड टेंशन को 5 पर करे।

चिह्नित की गई लाइन के साथ सावधानीपूर्वक सिलाई शुरू करें। अपनी सिलाई के साथ सॉफ्ट गेधर को बनते हुए निहारे।

अंत तक पहुँचने तक सिले। सुई को ऊपर उठाएं और धागे को ट्रिम करें। अगली लाइन के साथ सिलाई करने के लिए आगे बढ़ें।

तब तक प्रक्रिया को दोहराएं जब तक आप चिह्नित लाइनों के साथ गेधर की चार लाइनें प्राप्त न कर ले।

सुंदर गेधर के लेयर वाला आपका स्टॉल प्रदर्शित करने के लिए अब तैयार है। इससे आगे आप रो एजिस को अपने हाथ से गुच्छे सिलकर उन्हें सुशोभित करना भी चुन सकते है।

एक फैशन एसेसरी के तौर पे स्टॉल्स हमेशा ही आकर्षक लगते है - इसके अलावा वे आपके लुक को मोहक बनाने की भी शक्ति रखते हैं। वे किसी भी कलाकारी पर फिनिशिंग टच देने में सहायता करते है और उसे ड्रेस, कोट, स्वेटर, जैकेट या सूट के साथ पहना जा सकता हैं।